कार्यालय कलेक्टर एवं अध्यक्ष (भोपाल टूरिज्म प्रमोशन काऊंसिल)
जिला– भोपाल

क्रमांक 58/ ऐड. /भोज /2020 भोपाल, दिनांक: 26/02/2020

(समूह- 3)
पैरामोटर शर्ते

धरोहर राशी 25,000/- (वापसी योग्य)

आवेदन/फार्म का मूल्य 5000/- रू.

1. 21 मार्च से 19 अप्रेल 2020 के मध्य निरंतर दो टेण्डम पैरामोटर (जिसमें पायलेट सहित एक पर्यटक को बैठने के लिए जगह उपलब्ध हो) लाना होगा तथा दो प्रशिक्षित पायलट उपलब्ध कराना होगा। पैरामोटर उड़ाने के लिए आवश्यक फिटनेस तथा लायसेंस उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी संबंधित एजेंसी की होगी। पैरामोटर पर्याप्त क्षमता का होना चाहिये जो तेज हवा मे भी उड़ सके।
2. पैरामोटर हेतु **फ्लाइट** के सम्बध में आवश्यक अनुमति प्राप्त करना एजेंसी की जिम्मेदारी होगी जिसके लिये जिला प्रशासन आवश्यक सहयोग करेगा।
3. 21 मार्च से 19 अप्रेल 2020 के मध्य न्यूनतम 500 प्रतिभागियों को अनिवार्य रूप से फ्लाइट कराना होगा। न्यूनतम फ्लाइट के पश्चात अतिरिक्त फ्लाइट हेतु प्रति फ्लाइट स्वीकृत दर से भुगतान किया जावेगा ।
4. आपरेटर फ्लाइंग के दौरान प्रत्येक पैसेंजर से इन्डेमिनेंटी बॉड एवं सुरक्षा जिम्मेदारी प्रपत्र (Form) भरवाना अनिवार्य होगा किसी भी दुर्घटना के लिये बीटीपीसी उत्तरदायी नही होगी ।
5. बी टी पी सी द्वारा आयोजक को 2.00 लाख रु. के बिजनेस की गारंटी दी जावेगी। ऑपरेटर को लॉग बुक रखना अनिवार्य होगी ,भुगतान के समय यह प्रस्तुत करना अनिवार्य शर्त होगी।
6. किसी भी दुर्घटना की स्थिति में न्यायालय के द्वारा **अथवा व्यक्तिगत** किसी प्रकार का वित्तीय दावा की प्रस्तावित राशि उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी संबंधित एजेंसी की होगी। ऑपरेटर को पर्यटकों का सामुहिक बीमा कराना भी अनिवार्य होगा।
7. प्रत्येक पैरामोटर को न्यूनतम प्रतिदिन 50 फ्लाइट करानी होगी। प्रत्येक फ्लाइट की अवधि तीन मिनिट की होगी। न्यूतम फ्लाइट नही होने पर 5000 रु प्रति दिन के हिसाब से पैनल्टी आरोपित की जा सकेगी।
8. दल के पास उनका आई डी होना अनिवार्य होगा एवं बायो डाटा के साथ 02 पासपोर्ट साईज फोटो बीटीपीसी पे जमा कर परिचय पत्र बनवाना ऐजेन्सी को अनिवार्य होगा । किसी परिस्थिति में दल का कोई सदस्य नशे की हालत में गतिधियो मे शामिल नही होगा ऐसा पाये जाने पर ऐजेसी का कार्यादेश रद्द किया जायेगा ।
9. ऐजेन्सी को प्राथमिक उपचाार हेतु फस्ट एड बॉक्स आवश्यक दवाईयो के साथ स्थल पर रखनी होगी ।
10. पायलट व पैरामोटर के साथ आने वाले दल की, भोपाल आने जाने रहने व खाने की सम्पूर्ण व्यय की व्यवस्था संबंधित एजेंसी को करना होगी।
11. पैरामोटर तकनीकी रूप से फिट होने व उड़ान भरने की स्थिति में होने पर वैदर कंडीशन ठीक होने पर बीटीपीसी 20 प्रतिभागी उपलब्ध करायेगा।
12. उद्घाटन व समापन के दिन पब्लिक के लिए डिमास्ट्रेशन के लिए 2 पैरामोटर तैयार रखना होगा।

13. विवाद की स्थिति में अध्यक्ष बीटीपीसी का निर्णय मान्य होना तथा न्यायालयीन प्रक्रिया के लिये जिला भोपाल मान्य होगा।
14. पैरामोटर तैयारी करने के उपरांत मौसम खराब होने की दशा में पैरामोटर **फ्लाइट** नही होने पर पैनल्टी नही लगाई जावेगी परंतु वो पैरामोटर **फ्लाइट** मौसम ठीक होने अथवा अगले दिन कराना अनिवार्य होगा । किसी भी तकनीकी खराबी की संपूर्ण जबावदारी ऐजेन्सी की होगी ऐसी दशा में फलाईट नही होने पर उस फ्लाइट का भुगतान नही हो सकेगा ।
15. उपरोक्त गतिधियो के लिये दल के रहने, खाने एवं आवश्यक ईधन एवं व्हीकल की व्यवस्था स्वीकृत ऐजेंसी द्वारा की जायेगी।
16. न्यूनतम अनुमोदित दरों से कम दर पर अन्य संस्थाओं के सहमत होने पर उनके प्रस्ताव विचार करने एवं कार्यादेश देने हेतु बीटीपीसी का निर्णय मान्य होगा ।
17. ऐजेंसी को सुरक्षा के संपूर्ण मानको का ध्यान रखते हुये उसका पालन करना होगा ।दल के पास आवश्यक लाईसेंस होना अनिवार्य है ।
18. ऑपरेटरर्स को **दो** दिन पूर्व अपने सभी उपकरण स्थापित कर उनका डिमास्टेशन एवं परीक्षण बीटीपीसी के अधिकारियो के समक्ष कराना होगा ।
19. बीटीपीसी को यह अधिकार होगा कि वे फेस्ट की तिथि तथा अवधी कम अथवा ज्यादा कर सके ।
20. आयोजन की अवधी में सप्ताहिक भुगतान उस दौरान की जाने वाली फ्लाईट की गणना कर अथवा आशिंक भुगतान ऐजेसी के सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित बिल के विरुध किया जा सकेगा।
21. कार्य अनुबंध को अपनी सहमति के साथ किसी अन्य आयोजन हेतु बड़ाया जा सकेगा अथवा इसी दरो पर सहमति देने पर कार्य कराया जा सकेगा।
22. निर्धारित प्रारुप में वित्तीय एवं तकनीकी/प्रशासकीय प्रस्ताव मय धरोहर राशि के दिनांक 06/03/2020 **तक शाम 5 बजे तक "कार्यालय सी.ई.ओ. जिला पंचायत भोपाल" स्पीड पोस्ट/कोरियर अथवा स्वयं के द्वारा भेजे 5 बजे के बाद कोई निविदा अध्यक्ष बीटीपीसी की अनुमति ही स्वीकार की जावेगी। पोस्ट में बिलम्ब के लिए बिड कर्ता स्वयं जिम्मेदार होगे किसी भी जानकारी के लिए कार्यालय जिला पंचायत भोपाल अथवा मोबाइल न. 7225927773 पर संपर्क कर सकते है, निविदा 07/03/2020 दोपहर 12 बजे निविदाकार अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी ।**

उपरोक्त 1 से लागयत 22 तक सभी शर्ते स्वीकार है

नाम ....

दिनांक ....

स्थान ....

हस्ताक्षर

आवेदक/संस्था प्राधिकारी

समूह 3
पैरामोटर हेतु वित्तीय प्रस्ताव का प्रारूप

S.No.	Activity	Rate per फ्लाइंग	रिमार्क
1	21 मार्च से 19 अप्रेल 2020 के मध्य न्यूनतम 500 फ्लाइंग करने हेतु दर समस्त कर सहित न्यूनतम अवधि 03 मिनट		
2	21 मार्च से 19 अप्रेल 2020 के मध्य न्यूनतम 200 फ्लाइंग करने हेतु दर समस्त कर सहित न्यूनतम अवधि 05 मिनट		
3	21 मार्च से 19 अप्रेल 2020 के मध्य 500 न्यूनतम फ्लाइंग के बाद दर समस्त कर सहित		
4	21 मार्च से 19 अप्रेल 2020 के मध्य 200 न्यूनतम फ्लाइंग के बाद दर समस्त कर सहित		

नाम ....

दिनांक ....

स्थान ....

हस्ताक्षर

आवेदक/संस्था प्राधिकारी